<u>प्रेस नोट</u>

थाना ककरवई, झाँसी

<u>दिनाँक 12.03.2025</u>

<u>हत्या की घटना का सफल अनावरण,</u>
<u>घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (कुल्हाड़ी) सहित अभियुक्त गिरफ्तार</u>

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी महोदया के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी गरौठा के निकट पर्यवेक्षण में थाना ककरवई पुलिस द्वारा थाना ककरबई पर पंजीकृत हत्या के अभियोग में वाँछित (प्रकाश में आए) अभियुक्त **रमेश विश्वकर्मा पुत्र स्व0 मुरलीधर विश्वकर्मा निवासी ग्राम डुमरई थाना ककरबई जनपद झाँसी उम्र करीब 54 वर्ष** को मुखविर की सूचना के आधार पर अभियुक्त के खेत से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

<u>संक्षिप्त विवरण</u>-

दिनांक 01.03.2025 को गंगाप्रसाद पुत्र स्व0 झुल्ली निवासी ग्राम डुमरई थाना ककरबई जनपद झाँसी उम्र करीब 45 वर्ष, का शव खून से लतपथ अवस्था में उसके खेत पर पड़ा मिला था, जिसके सम्बन्ध में वादिया कु0 लक्ष्मी देवी पुत्री हरदयाल अहिरवार, निवासी ग्राम डुमरई, थाना ककरवई, जिला झाँसी द्वारा दिए गए लिखित प्रार्थना-पत्र के आधार थाना ककरवई पर मु0अ0सं0 11/25 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात के पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में किए गए साक्ष्य संकलन एवं पूछताछ के आधार पर अभियोग उपरोक्त में अभियुक्त **रमेश विश्वकर्मा पुत्र स्व0 मुरलीधर विश्वकर्मा निवासी ग्राम डुमरई थाना ककरबई जनपद झाँसी उम्र करीब 54 वर्ष** का नाम प्रकाश आया।

अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना ककरबई पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनाँक 12.03.2025 को थाना ककरबई पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 11/25 धारा 103(1) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त रमेश उपरोक्त को मुखबिर की सूचना के आधार पर उसके खेत पर बनी झोपड़ी, ग्राम डुमरई से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर घटना करित करने में प्रयुक्त किए गए आलाकत्ल (कुल्हाड़ी) को बरामद किया गया है।

अभियुक्त द्वारा पूछताछ में उसके तथा गंगाप्रसाद के बीच खेत पर सेक्टर (रास्ता) निकालने को लेकर कहा सुनी हो जाने के कारण अभि0 रमेश उपरोक्त द्वारा गंगाप्रसाद पर कुल्हाडी से बार वार कर हत्या कर देना बताया गया है।

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण –</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विनय कुमार साहू थाना ककरबई
2. उ0नि0 श्री बाबूराम थाना ककरवई
3. हे0का0 431 प्रमोद कुमार
4. का0200 सुनील कुमार थाना ककरवई
5. का0 30 आशीष यादव थाना ककरवई

बरामदगी-

घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल कुल्हाड़ी